तुमने पैसे की ख़ातिर अपना सब-कुछ खो दिया क्योंकि ये पैसा ही तुम्हारा सब-कुछ हो गया।

—— डा. रमेश पोखरियाल 'निशंक', पूर्व केंद्रीय मंत्री



हिंदुत्व पर विश्वास नहीं करने वाली सरकारें देश में सुरक्षित नहीं।

—— यशवंत सिन्हा, राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी

नई दिल्ली। शुक्रवार ● 1 जुलाई ● 2022

राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

## संक्षिप्त खबरें

### नौ दिवसीय श्री सहस्त्र चंडी महायज्ञ शुरू

**नई दिल्ली** । अंतरराष्ट्रीय महात्यागी खालसा के श्री महंत एवम महामंडलेश्वर रामगोविन्द दास महात्यागी महाराज के सान्निध्य में एजीसीआर एनक्लेव (कड़कड़डूमा कोर्ट के सामने) के समुदाय भवन व उससे सटे पार्क में नौ दिवसीय 25वां श्री सहस्त्र चंडी महायज्ञ बृहस्पतिवार को शुरू हुआ। महायज्ञ प्रारम्भ होने से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा सिद्ध पीठ श्री सीताराम संतसेवा मंदिर एवं गौशाला चन्दू पार्क, पुरानी अनारकली से चल कर महायज्ञ स्थल पर पहुंची। इस अवसर पर महामंडलेश्वर राम गोविन्द दास महात्यागी महाराज के साथ महामंडलेश्वर सच्चिदानंद महाराज (वृंदावन), महंत परमानंद महाराज (ब्रह्मपुर, उड़ीसा), महंत विशंभर दास, भाजपा नेता विपिन जैन, डा. अनिल गोयल व पूर्व पार्षद चौ.प्रेम कुमार सहित भारी तादाद में महिलाएं व अन्य धर्म प्रेमी श्रद्धालु मौजूद रहे ।

### हस्तलेखन प्रतियोगिता

**नई दिल्ली**। जॉय मेकर्स एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से यहां हिन्दी हस्तलेखन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इसमें लगभग 160 बच्चों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रुप में राजेश कंबोज, प्रधानाचार्य सूबेदार यादव व अजय कंबोज द्वारा बच्चों को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और मेडल से सम्मानित किया। साथ ही फाउंडेशन द्वारा हर एक प्रतियोग्ता में एक बच्चे की पढ़ाई से संबंधित सभी खर्च फाउंडेशन द्वारा वहन करने का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### गाना रिलीज

**नई दिल्ली** । नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को लेकर गायक नवदीप नवी ने एक गीत गाया है, जिसे बलविंदर सिंह सोढी ने लिखा है। इसे एक कार्यक्रम में रिलीज किया गया। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा, मशहूर गायक सुरेखा रोबिन, प्रमुख समाज सेवी गौरव गुप्ता, डॉ आचार्य जीतू, डॉ आदित्यनाथ भट्टी, लेखक बलविंदर सिंह सोढ़ी, कुलदीप सिंह मारवा, मशहूर अभिनेता नरेंद्र सिंह लेखक गुरविंदर सिंह, सतपाल सिंह मंगा ने एक पोस्टर भी रिलीज किया।

# खुदकुशी कर रहे शख्स को पुलिसकर्मियों ने बचाया

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** जहांगीरपुरी में दिल्ली पुलिस के दो जवानों ने खुदकुशी कर रहे एक दुकानदार की जान बचाई। पुलिस ने बताया कि कर्ज की बोझ के तले दबा दुकानदार तनाव में था। बुधवार देर रात खुद को कमरे में बंद कर फंदे पर लटक गया। इसके बाद उसके परिवार वालों ने पुलिस की मदद मांगी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने दरवाजा तोड़कर दुकानदार को फंदे से नीचे उतारा और कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) देकर उसे अस्पताल पहुंचाया। अब दुकानदार की हालत अब खतरे से बाहर है। परिवार वालों ने जान बचाने वाले पुलिसकर्मियों की सराहना की। डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि बुधवार देर रात 2.30 बजे पुलिस को सूचना मिली कि डी ब्लॉक जहांगीरपुरी में रहने वाला एक शख्स खुदकुशी करने के लिए खुद को कमरे में बंद कर लिया है। सूचना देने के दौरान जहांगीरपुरी थाना में तैनात एएसआई दिनेश और हवलदार विजय इलाके में ही गश्त कर रहे थे। सूचना मिलते ही वह मौके पहुंचे। पुलिसकर्मियों ने देखा कि कमरा अंदर से बंद है। इसके बाद खिड़की से झांक कर देखा तो शख्स पंखे से फंदा लगाकर लटका हुआ था। पुलिसकर्मियों ने बिना समय गंवाए दरवाजे को तोड़ा और कमरे में जाकर उसे फंदे से नीचे उतारा। शख्स अचेत हो चुका था। पुलिसकर्मियों ने तुरंत सीपीआर देकर उसे स्थिर किया और बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित की पहचान सुबोध बंसल(40) के रूप में हुई। वह भलस्वा डेयरी इलाके में जनरल स्टोर चलाता है। सुबोध पर काफी कर्ज था।

**कर्ज के तले दबा शख्स कई दिनों से था तनाव में**

**मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उसे फंदे से उतारा**

## तवा से वार कर पत्नी की हत्या

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जैतपुर इलाके में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के सिर पर तवा से प्रहार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। मृतक महिला की पहचान हसीना जबकि उसके पति की पहचान सैयद अली के रूप में हुई। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल आरोपी को पकड़ा नहीं जा सका है।

पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार सुबह करीब 10 बजे पुलिस को इस संबंध में सफदरजंग अस्पताल से सूचना मिली थी। इसमें बताया गया कि एक महिला को यहां लाया गया है। जिसको डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। इसके बाद जैतपुर थाने की टीम सफदरजंग अस्पताल पहुंची। जहां पुलिस को जांच में पता चला कि महिला के रिश्तेदार शाकिर ने उसे अस्पताल भर्ती कराया है। इसके बाद फरार आरोपी की तलाश में जैतपुर इलाके में स्थित घटनास्थल पर भी पुलिस टीम पहुंची। शुरुआती जांच में पुलिस ने बताया कि आरोपी व्यक्ति मूल रूप से बिहार के बक्सर जिला निवासी है। जैतपुर इलाके में वह मजदूरी करके जीवन यापन कर रहा था।

# कैदियों की शिक्षा के लिए कार्य योजना बनाएगी सरकार : सिसोदिया

**नई दिल्ली (वार्ता)।** दिल्ली सरकार तिहाड़ जेल के बंदी को जेल से बाहर होने के बाद समाज के साथ बेहतर तरीके से जुड़ने में मदद करने व उनके अपस्किलिंग के लिए उन्हें स्किल ट्रेनिंग व शैक्षिक सहायता प्रदान करेगी। यह बात उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने कही।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में तिहाड़ जेल में करीब 20 हजार इनमेट्स (बंदी) है जो अपनी सजा काट रहे है और जेल में ही किसी तरह के स्किल बेस्ड वर्कशॉप में शामिल है, जो अच्छी बात है, लेकिन हमें जेल के इनमेट्स की अपस्किलिंग करने और उन्हें शिक्षित करने की जरूरत है, उन्हें प्रशिक्षित करने की जरुरत है। ताकि जब वे अपनी सजा पूरी करने के बाद जेल से बाहर आए तो दोबारा अपराधी गतिविधियों में संलिप्त होने के बजाय अपने स्किल ट्रेनिंग का इस्तेमाल एक बेहतर जीवन जीने के लिए कर सकें। उन्होंने कहा, 'इस प्रोजेक्ट के तहत हमारे टीचर्स जेल के इनमेट्स के स्किल्स और शैक्षिक स्तर का आकलन



**वर्तमान में तिहाड़ में बंदी करीब 20 हजार बंदी स्किल बेस्ड वर्कशॉप में शामिल**

करेंगे और उसके बाद उनके लिए कुछ नए कार्यक्रम तैयार किए जाएंगे। केजरीवाल सरकार की यह परियोजना जेल के इनमेट्स को जेल से बाहर आने के बाद बेहतर और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर देगी। क्योंकि यह जेल के इनमेट्स के भविष्य से संबंधित है। सिसोदिया ने शिक्षकों को बेहद संवेदनशीलता के साथ मूल्यांकन की प्रक्रिया का पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक अध्ययन के दौरान इनमेट्स का साक्षात्कार करते समय यह सुनिश्चित करें कि वे उनके अनूठे कौशलों का पता लगाने के साथ भविष्य में काम करने के लिए इनमेट्स की रुचि के क्षेत्रों का भी पता लगा सकें। सिसोदिया ने कहा कि यह प्रोजेक्ट इस बात को लेकर भी बहुत महत्वपूर्ण है कि वर्तमान के शिक्षा व्यवस्था में ऐसी क्या कमी है जिसके कारण समाज में अब भी आपराधिक गतिविधियां हो रही है। हम अभी जेल में बंद इन लोगों के लिए क्या कर सकते है कि ये बाहर आकर एक सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि इस स्टडी में विभिन्न इनमेट्स से बात कर ये समझने का प्रयास किया जाएगा कि ऐसी कौन-सी चीजे थी जिसके कारण आपराधिक गतिविधियों में उनकी संलिप्तता बढ़ी और कैसे उन्हें शिक्षा के माध्यम से दूर किया जा सकता है। उपमुख्यमंी मनीष सिसोदिया की मौजूदगी में बृहस्पतिवार को तिहाड़ जेल के इनमेट्स के लिए संबंधित स्टेकहोल्डर्स के साथ चर्चा की गई।

# मुठभेड़ के बाद दो नाबालिग समेत तीन गिरफ्तार

■ **सहारा न्यूज ब्यूरो**

**नई दिल्ली।**

स्पेशल सेल ने दो नाबालिग समेत तीन आरोपियों को मुठभेड़ के बाद धर दबोचा। पुलिस ने दावा किया कि जेल में सख्ती बरतने वाले एक असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट से एक कैदी नाराज हो गया। इसके बाद उसने अपने नाबालिग भाई से अधिकारी के घर गोली चलवा दी। पुलिस ने इनके पास से दो सिंगल शॉट पिस्तौल और 8 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। हरियाणा के सोनीपत में लूटी गई एक बाइक भी उनके पास से बरामद हुई है।

पुलिस ने बताया कि जून माह में हिरण कूदना इलाके में रहने वाले जेल अधिकारी के घर पर गोली चली थी। जबकि इस वारदात को लेकर एसीपी अत्तर सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर शिव कुमार और पवन कुमार की टीम काम कर रही थी। इस बीच 29 जून को इंस्पेक्टर शिव कुमार व एसआई राजेश शर्मा को सूचना मिली कि इस वारदात में शामिल शुभम और उसके नाबालिग साथी होलंबी खुर्द इलाके में आएंगे। इस जानकारी पर बुधवार शाम के समय पुलिस टीम ने इन्हें पकड़ने के लिए जाल बिछाया। उन्होंने देखा कि एक नाबालिग कुछ दूरी पर खड़ा है. कुछ देर बाद शुभम एक नाबालिग के साथ वहां पर बाइक से आया। पुलिस टीम ने तीनों को घेर लिया और उन्हें सरेंडर करने के लिए कहा, लेकिन शुभम और एक नाबालिग ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। बीच बचाव करते हुए पुलिस की टीम से भी गोली चलाई गई और तीनों बदमाशों को पकड़ लिया गया।

यहां पर कुल 3 गोलियां चलाई गई जिनमें से दो गोलियां बदमाशों की तरफ से जबकि एक पुलिस की तरफ से चलाई गई। आरोपी नाबालिग के पास से एक सिंगल शॉट पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। शुभम के पास से एक सिंगल शॉट पिस्तौल, एक कारतूस जबकि दूसरे नाबालिग से छह जिंदा कारतूस बरामद हुए।

**सख्ती से नाराज होकर कैदी ने नाबालिग भाई से जेल अधिकारी के घर पर गोली चलवा दी थी**

## डाक्टर्स डे आज, कई दिग्गज डॉक्टर होंगे सम्मानित

**नई दिल्ली(एसएनबी)।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस हर साल 1 जुलाई को दूरदर्शी नेता, समाज सुधारक, चतुर चिकित्सक और एक महान इंसान डा. बिधान चंद्र रॉय के जन्म और पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री और चिकित्सा शिक्षाविद भी थे। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. सहजानंद प्रसाद सिंह ने बृहस्पतिवार को आईटीओ स्थित आईएमए मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि शुक्रवार को आयोजित एक समारोह में देशभर में कोविड जैसी महामारी के दौरान उत्कृष्ठ स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए रांची की प्रख्यात नेत्र सर्जन डा. भारती कश्यप समेत कई डॉक्टरों को एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, राज्य स्वास्थ्य मंत्री डा. भारती प्रवीन पवार डाक्टरों को यह पुरस्कार प्रदान करेंगी। आईएमए के वित्त सचिव डा. अनिल गोयलने कहा कि पर हम मंत्रियों के सामने अपने सदस्यों की कठिनाइयों को भी रखेंगे।

## जीरो वेस्ट कॉलोनी अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** दिल्ली नगर निगम के मध्य क्षेत्र ने बेहतर स्वच्छता प्रबंधन के लिए जीरो वेस्ट कॉलोनी के लिए एक प्रतियोगिता की शुरुआत की है । इसके लिए क्षेत्र के आरडब्ल्यूए को आमंत्रित किया गया है। दिल्ली नगर निगम द्वारा शुरू की गई इस मुहिम के पीछे क्षेत्र के स्वच्छता प्रबंधन में आरडब्ल्यूए की सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करना है, जिससे क्षेत्र में जनभागीदारी के आधार पर बेहतर सफाई व्यवस्था उपलब्ध करवाई जा सके।

# दिल्ली सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर : चौ. अनिल

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि डीटीसी में 4288 करोड़ के भ्रष्टाचार को हमने पहले ही उजागर किया था जिसकी सीबीआई जांच कर रही है। डीटीसी में सलाहकार के पद दो उम्मीदवारों की नियुक्ति के लिए डीटीसी के उप मुख्य महाप्रबंधक सहित पांच अन्य कर्मचारियों को सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किया जाने के बाद केजरीवाल सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार एक बार फिर उजागर हो गया है।

कुमार ने कहा कि सीबीआई जांच के दौरान उप मुख्य महाप्रबंधक और क्षेत्रीय प्रबंधक (उत्तर), डीटीसी में सलाहकार के रूप में दो उम्मीदवारों की नियुक्ति के एवज में 91 हज़ार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े गए थे। उन्होंने कहा कि परिवहन मंत्री के सरंक्षण में रिश्वत लेने का षडयंत्र चल रहा है। रिश्वत कांड के बाद गिरफ्तार अधिकारियों के दिल्ली, गुरु ग्राम और सोनीपत सहित अन्य ठिकानों पर आरोपियों के परिसरों की तलाशी की जा रही है।

चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि 21 जून को मुख्यमंत्री कार्यालय में कार्यरत उपसचिव, दो एसडीएम और एक सब रजिस्ट्रार को दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव द्वारा उपराज्यपाल के आदेश पर निलंबित करना पड़ा, जबकि केजरीवाल स्वयं जेल में बंद मंत्री सत्येन्द्र जैन को बचाने में लामबंद है और अपने भ्रष्टाचारी नेता और अधिकारियों को देशभक्त बताते है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार नियंत्रण पर उपराज्यपाल द्वारा कार्यवाही करने से साफ हो गया कि मुख्यमंत्री की नाक के नीचे भ्रष्टाचार फलफूल रहा है। श्री कुमार ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल मंत्रीमंडल के 80 प्रतिशत मंत्रियों तथा 38 विधायकों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों में आरोप साबित हो चुके है।




## कार्यालय नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर)

पत्रांक : 474 / न.पा.परि.दा. / 2022–23 — दिनांक : 30.06.2022

### निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद, दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर की सीमान्तर्गत जी.टी. रोड पर तिराहे के पास सार्वजनिक शौचालय के सामने स्थापित एल.ई.डी. स्क्रीन को वित्तीय वर्ष 2022–23 की शेष अवधि (दिनांक 08.07.2022 से दिनांक 31.03.2022 तक) के लिए पार्टनरशिप मॉडल पर लाभांश के आधार पर संचालित करने हेतु फर्म/ठेकेदारों से निविदा दरें दिनांक दिनांक 30.06.2022 को प्रातः 10:00 बजे से 07.07.2022 को अपराहन 12:00 बजे तक उत्तर प्रदेश की ई–प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा पोर्टल पर प्राप्त कुटेशन दरें कार्यालय नगर पालिका परिषद, दादरी गौतमबुद्धनगर में उपस्थित निविदादाताओं की उपस्थिति में दिनांक 07.07.2022 को ही अपरान्ह 02:00 बजे सक्षम अधिकारियों के समक्ष खोली जायेंगी। ई–निविदा की समस्त कार्यवाही उक्त बेवसाईट के माध्यम से ही पूर्ण की जायेगी। किसी भी ई–निविदा को स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर) में निहित होगा। निविदा खोले जाने वाली दिनांक को सार्वजनिक अवकाश अथवा विषम परिस्थिति उत्पन्न होने की दशा में निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी। किसी प्रकार की निविदा संशोधन की सूचना/जानकारी हेतु ई–प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट को लगातार देखते रहें–

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | लाभांश का प्रतिशत |
|---|---|---|
| 01 | जी.टी. रोड पर तिराहे के पास सार्वजनिक शौचालय के सामने स्थापित एल.ई.डी. स्क्रीन को वित्तीय वर्ष 2022–23 की शेष अवधि (दिनांक 08.07.2022 से दिनांक 31.03.2022 तक) के लिए पार्टनरशिप मॉडल पर लाभांश के आधार पर संचालित करने का कार्य। | कुल प्राप्त आय में से अधिकतम 10 प्रतिशत ठेकेदार को देय होगा। |

**नियम व शर्ते :–**

1– सशर्त प्राप्त निविदा दरों पर विचार नहीं किया जायेगा।
2– निविदा दरों में करों का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना अनिवार्य है।
3– यदि निविदा दरें निर्धारित समय सीमा के उपरान्त प्राप्त करायी जाती है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।
4– किसी भी निविदा दरों को निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय/अधिशासी अधिकारी महोदय, नगर पालिका परिषद, दादरी में निहित होगा। कार्य सम्बन्धी आवश्यक जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में की जा सकती है।
5– फर्म द्वारा विज्ञापनदाताओं से प्राप्त धनराशि को पालिका में प्रतिमाह जमा करना होगा। विद्युत बिल पालिका द्वारा देय होगा एवं उपरोक्त एल.ई.डी. के संचालन में समस्त प्रकार का रख–रखाव फर्म का होगा।
6– नगर पालिका द्वारा दिये गये वीडियो का संचालन सम्बन्धित फर्म को निःशुल्क करना होगा।
7– व्यवसायिक/नगर पालिका से सम्बन्धित वीडियो से अलग किसी भी प्रकार के वीडियों के संचालन से पूर्व अधिशासी अधिकारी द्वारा लिखित रूप से अनुमति लेनी अनिवार्य होगी।
8– इस हेतु फर्म को एक सप्ताह के अन्दर अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा।
9– एल.ई.डी. स्क्रीन पर विज्ञापन की दरें निम्न प्रकार होंगी–

| क्र.सं. | दरें | वीडियो प्रतिमिनट |
|---|---|---|
| 1 | 500.00 रू. प्रतिदिन | एक मिनट |
| 2 | 3,000.00 रू. प्रति सप्ताह | एक मिनट |
| 3 | 12,000.00 रू. प्रतिमाह | एक मिनट |

(समीर कुमार कश्यप)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
दादरी, (गौतमबुद्धनगर)

(गीता शर्मा)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
दादरी, (गौतमबुद्धनगर)

# कन्हैया के हत्यारों को फांसी देने की मांग को लेकर प्रदर्शन

■ **सहारा न्यूज ब्यूरो**

**नई दिल्ली।**

यूनाइटेड हिंदू फ्रंट ने उदयपुर में निर्दोष कन्हैया लाल की बर्बरता पूर्वक हत्या करने वाले मोहम्मद गौस और रियाज जब्बर को तत्काल फांसी देने की मांग को लेकर बृहस्पतिवार जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राष्ट्रवादी शिव सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने किया।

गोयल ने कहा कि एनआईए की जांच से अनेक रहस्यों से पर्दा तो उठेगा ही लेकिन देश में हिंदुओं को भयभीत करने की पाकिस्तान और आईएसआईएस की साजिश को किसी भी तरह सफल नहीं होने दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि मुस्लिम धर्म गुरुओं को स्पष्ट रूप से सामने आकर ऐसी घिनौनी वारदातों को अंजाम देने वालों और उनके परिवारों के सामाजिक बहिष्कार का फतवा जारी करना चाहिए।

गोयल ने मांग करते हुए कहा कि कन्हैया लाल की हत्या करने के दोषी जिहादियों को जल्द से जल्द फांसी की सजा सुनाई जाए। इसके लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामला की सुनवाई त्वरित गति से रोजाना होनी चाहिए ताकि देश में जिहाद करने वालों को कड़ा संदेश दिया जा सके।

## निर्यातक सम्मानित

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) की ओर से 23वें हस्तशिल्प निर्यात पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में वर्ष 2017-18 और 2018-19 के दौरान निर्यातकों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस आयोजन में ईपीसीएच के अध्यक्ष राजके मल्होत्रा के साथ ही देश के कोने कोने से हस्तशिल्प निर्यातकों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में ईपीसीएच के उपाध्यक्षकमल सोनी, ईपीसीएच के महानिदेशक और अध्यक्ष, इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड के राकेश कुमार और ईपीसीएच की प्रशासन समिति के सदस्य ने भी आयोजन में भागीदारी की। इस दौरान राजेश कुमार जैन, एक्समार्ट इंटरनेशनल को तीन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## केजरीवाल ने मणिपुर में हुए भूस्खलन में मौत पर जताया शोक

**नई दिल्ली(भाषा)** । मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बृहस्पतिवार को मणिपुर के नोनी जिले में हुए भीषण भूस्खलन में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि यह घटना 'बेहद दुखद' है।अधिकारियों ने बताया कि नोनी जिले में एक रेलवे निर्माण स्थल पर हुए भीषण भूस्खलन में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 70 से अधिक लोग लापता हैं।घटना बुधवार की रात तुपुल यार्ड रेलवे निर्माण शिविर में हुई।केजरीवाल ने ट्वीट किया, 'मणिपुर के नोनी जिले में भूस्खलन की खबर बेहद दुखद है। इस दुखद हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। मणिपुर के लोगों लिए प्रार्थना करता हूं।'

## पानी की किल्लत से लोग परेशान

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** राजधानी का मध्य दिल्ली क्षेत्र (वार्ड नंबर 55 एस) इन दिनों पानी के भारी किल्लत के दौर से जूझ रहा है। वार्ड के दरियागंज की स्थिति ऐसी है कि यहां के निवासियों को बोतलबंद पानी तो लम्बे अर्से से खरीद कर पीना ही पड़ता रहा है, अब दैनिक क्रियाओं के लिए भी निवासियों को 20-20 लीटर पानी की बोतलें मंगवानी पड़ रही है।

दरियागंज फेडरेशन के पैटर्न व 'सहयोग दिल्ली' के अध्यक्ष मनोज जैन ने बताया कि पिछले कई महीने से पीने का पानी खारा आ रहा है। इस बावत दिल्ली जल बोर्ड को कई बार लिखित व मौखिक शिकायतें दर्ज करायी गयीं। दिजबो के अधिकारी विजय कीर्ति ने मौके का मुआयना करने के बाद सप्लाई वाटर के सैंपल की भी जांच करायी, लेकिन पीने का पानी का टीडीएस लेवल 390-400 बना रहा जिससे स्थानीय निवासियों को बोतलबंद पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ा। दरियागंज रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के उप-प्रधान हर्ष कौशिक ने बताया कि पिछले 7-8 दिनों से दरियागंज में निर्धारित समय पर 10-15 मिनट के लिए पानी आता है, लेकिन 21 नंबर अंसारी रोड पर तो पानी आ ही नहीं आ रहा है।

## भाजपा जिला केशवपुरम की कार्यकारिणी बैठक

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** भाजपा जिला केशवपुरम की कार्यकारिणी बैठक जिला अध्यक्ष राज कुमार भाटिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले के प्रभारी श्याम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। पहले सत्र में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता व दूसरे सत्र में प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन का उपस्थित रहे। आदेश गुप्ता ने कार्यकारिणी को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा प. दीन दयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों से ओतप्रोत कार्यकर्ताओं का संगठन है जो कड़े अनुशासन, परिश्रम व उत्साह के साथ जनसेवा के व्रत से काम करता है। जिला अध्यक्ष राज कुमार भाटिया ने कहा कि मोदी सरकार के आठ साल में जनहित में किए कार्य व योजनाओं का प्रचार प्रसार के साथ जनता को सीधे जोड़ेंगे। उन्होंने बताया कि जिले की पांचों विधानसभा की समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बंधित विभागों से नियमित सम्पर्क बनाने के लिए एक कमेटी गठित की जाएगी।

## जुबिलैंट फूडवर्क्स लिमिटेड

सीआईएन : L74899UP1995PLC043677
पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट 1ए, सेक्टर 16ए, नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश
कॉरपोरेट कार्यालय : 5वां तल, टॉवर डी, लॉजिक्स टैक्नो पार्क, सेक्टर 127, नोएडा–201304, उत्तर प्रदेश
फोन : +91-120-4090500, फैक्स : +91-120-4090599
वेबसाइट : www.jubilantfoodworks.com, ईमेल : investor@jublfood.com

### कम्पनी के शेयरधारकों को सूचना

**इक्विटी शेयर, निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि ("आईईपीएफ") प्राधिकरण को अंतरित करने के संबंध में**

कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 124 (5) के निबन्धनों में, कम्पनी के अदत्त लाभांश खाते में अंतरित की गई कोई भी राशि, जो ऐसे अंतरण की तिथि से सात (7) वर्षों की अवधि हेतु अदत्त या अदावित रहती है, केन्द्र सरकार द्वारा प्रतिष्ठापित आईईपीएफ को अंतरित करनी होगी। इसके अतिरिक्त, निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखांकन, लेखापरीक्षण, अंतरण और प्रतिदाय) नियमावली, 2016 ("आईईपीएफ नियमावली") के साथ पठित अधिनियम की धारा 124 (6) के प्रावधानों के अनुसरण में, कम्पनी को ऐसे शेयर भी, आईईपीएफ अथॉरिटी के डीमैट खाते में अंतरित करने होंगे, जिनके संबंध में लाभांश सात (7) लगातार वर्षों या अधिक हेतु अदत्त या अदावित रहता है।

उन शेयरधारकों को एक पृथक सूचना प्रेषित की जा चुकी है, जिन शेयरधारकों ने कम्पनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2014–15 के लिए घोषित और सभी अनुवर्ती लाभांश हेतु दावा नहीं किया है/भुगतान नहीं लिया है और जिनके शेयर आईईपीएफ नियमावली के तहत आईईपीएफ अथॉरिटी के डीमैट खाते में अंतरित किए जाने के भागी हैं। ऐसे सभी शेयरधारकों का विवरण (शेयरधारकों के नाम तथा उनके फोलियो नंबर अथवा डीपीआईडी – क्लाइंट आईडी सहित) कम्पनी की वेबसाइट www.jubilantfoodworks.com पर खंड के 'Investor Relations' के अंतर्गत अपलोड किया जा चुका है। शेयरधारक आईईपीएफ अथॉरिटी को अंतरित किए जाने के भागी शेयरों के विवरण का सत्यापन कम्पनी की वेबसाइट पर कर सकते हैं।

शेयरधारक जिनके शेयर भौतिक रूप में हैं और जिनके शेयर आईईपीएफ अथॉरिटी को अंतरित किए जाने के भागी हैं, नोट करें कि कम्पनी, उनके द्वारा धारित मूल शेयर प्रमाणपत्रों के अभौतिकीकरण (डीमैटीरियलाइजेशन) और उसके बाद आईईपीएफ नियमों के अनुसार, आईईपीएफ अथॉरिटी को अंतरण के प्रयोजन हेतु, उनके स्थान पर नए शेयर प्रमाणपत्र जारी करेगी। नए प्रमाणपत्र जारी किए जाने पर मूल प्रमाणपत्र, जोकि शेयरधारक के नाम में पंजीकृत हैं, निरस्त तथा अपरक्राम्य माने जाएंगे । शेयर डीमैट रूप में धारित होने की स्थिति में, कम्पनी डिपॉजिटरी के जरिये कार्पोरेट कार्यवाही के माध्यम से आईईपीएफ को शेयर अंतरित करेगी।

शेयरधारकों से, शेयर और अदावित लाभांश के मांगदावा हेतु, उपरिवर्णित सूचना के अनुसार आवश्यक दस्तावेज, कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट नामतः लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को भेजने का अनुरोध किया जाता है। यदि लाभांश हेतु मांगदावा 30 सितम्बर, 2022 तक प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो ऐसे इक्विटी शेयर जिनके संबंध में लाभांश अदावित होगा आईईपीएफ अथॉरिटी को, आईईपीएफ नियमावली के तहत दी गई विधि में, नियत तिथि को, कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा समय समय पर जारी अधिसूचना(ओं) के अनुसार, आगे और कोई सूचना दिए बिना, अंतरित कर दिए जाएंगे तथा इन अंतरित इक्विटी शेयरों के संबंध में कम्पनी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

कृपया नोट करें कि अदावित लाभांश और संगत शेयर्स दोनों इन इक्विटी शेयर्स पर उद्भूत होने वाले सभी लाभों, यदि कोई, एक बार आईईपीएफ को अंतरित होने के बाद आईईपीएफ नियमावली के तहत निर्धारित प्रक्रिया अपना कर आईईपीएफ अथॉरिटी से वापस मांगे जा सकते हैं।

शेयरधारक, उपरोक्त के संबंध में किसी पूछताछ के लिए, कम्पनी से investor@jublfood.com पर अथवा/रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट, लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नोबल हाइट्स, प्रथम तल, एनएच–2, सी–1 ब्लॉक, एलएससी, निकट सावित्री मार्किट, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से फोन : +91 11 49411000, ई–मेल : delhi@linkintime.co.in, वेबसाइट : www.linkintime.co.in पर सम्पर्क करें।

वास्ते **जुबिलैंट फूड वर्क्स लिमिटेड**
हस्ता./–
**(मोना अग्रवाल)**
**कम्पनी सचिव**

दिनांक: 30 जून, 2022
स्थान: नोएडा